हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, रविवार, 20 अक्टूबर 2024

13 काटे पर तुलाई कार्य की समय सीमा बढ़ाए जाने की मांग



14 महिलाओं ने लगवाई पिया के नाम की मेहंदी




# JJ HOSPITAL
(जीवन ज्योति हॉस्पिटल)
NABH ACCREDITED H-2021-0773
SUPER SPECIALITY HOSPITAL
BAHADURGARH

## हृदय रोग विभाग
## CARDIOLOGY DEPARTMENT

24x7

- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- ईको/ स्ट्रैस ईको
- हॉल्टर मोनिटरिंग/पेसमेकर



आपके दिल की देखभाल... हमारे दिल से

**SECONDARY CARE SERVICES**

Obs & Gynae | Paediatric & New Born Care | Orthopaedics | Medicine | Surgery | Ophthamology | Physiotherapy | ENT

**SUPER SPECIALITY SERVICES**

IVF & Test Tube baby | Joint Replacement, Arthroscopy & Spine | New Born Intensive care | Neurology & Neurosurgery | Urology, Andrology & Stone Clinic | Gastroenterology | Dialysis | ICU & Critical Care

ROOTS IVF & FERTILITY

24 HOURS EMERGENCY | 6 VARIETY OF ROOMS | MULTI SLICE CT SCAN & ULTRASOUND | FULLY AUTOMATED LAB | ICU, NICU & PAEDIATRIC ICU | BLOOD CENTER

ON OUR PANEL : ECHS, ESIC, AAYUSHMAAN BHARAT, HARYANA GOVERNMENT, DELHI GOVERNMENT (DGHS), DMRC, INDIAN OIL, HPCL & ALL INSURANCE CO.

फौजी भाईयों के लिए ओपीडी एवं एंबुलेंस सेवा फ्री

Metro Pillar No. 792, Bahadurgarh (HR) -124507, Ph. No. : 7056100100, 7056682006, 7056682015
cm@jjmedicalinstitute.com jjmedicalinstitute.com

## वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रतियोगिताओं से बच्चों में छिपी प्रतिभा को उजागर करने का मिलता है मौका**

# मेहंदी प्रतियोगिता में पायल और बिंदू ने मारी बाजी




बहादुरगढ़। प्राचार्या के साथ मेहंदी दिखाती छात्राएं तथा हाथों पर लगी मेहंदी दिखाती शिक्षक एवं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में करवाचौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कार्तिका, बरखा, पायल, तनिष्का, ज्योति, महक, अंकिता, नेहा, आरती, बिंदु, रितिका, नेहा, भुवनेश्वरी ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने इस पावन अवसर पर कहा कि छात्राओं को इस तरह की प्रतियोगिताओं में अवश्य भाग लेना चाहिए, क्योंकि इन प्रतियोगिताओं से बच्चों में छिपी प्रतिभा को उजागर करने का मौका मिलता है। इस प्रतियोगिता में स्वयंसेविकाओं ने सुंदर-सुंदर मेहंदी के डिजाइन बनाएं। मेहंदी प्रतियोगिता में पायल व बिंदु ने प्रथम स्थान, रितिका ने द्वितीय स्थान, नेहा, अंकिता, नेहा ने तृतीय स्थान तथा बरखा व आरती को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। इस उत्सव का आयोजन सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, एनएसएस व वाईआरसी द्वारा किया गया।

### अलीशा ने लगाई सबसे सुंदर मेहंदी

**बहादुरगढ़।** गांव छारा स्थित चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में इंचार्ज डॉ. अनीता दलाल के दिशानिर्देशन में महिला प्रकोष्ठ द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। यह कार्यक्रम महिला प्रकोष्ठ की इंचार्ज ज्योति द्वारा आयोजित करवाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता मे अलीशा स्नातक तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान पाया। दिव्या स्नातक द्वितीय वर्ष, सिमरन तृतीय वर्ष तथा चेतना बीएससी प्रथम वर्ष ने क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान पाया। इस अवसर पर डॉ. संजय, मंजू मलिक, देवेंद्र, डॉ. अश्वनी कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. ललिता, विजय, लोकेश, प्रवीण आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। छात्राओं द्वारा लगाई मेहंदी दिखाती शिक्षिका। फोटो : हरिभूमि

### छात्राओं ने रचाई सुंदर मेहंदी

- **राजकीय महाविद्यालय बादली में प्रतियोगिता का आयोजन**

**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय बादली में करवा चौथ के अवसर पर महिला प्रकोष्ठ अधिकारी पूनम शर्मा द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अधिकाधिक छात्राओं ने भाग लिया तथा महिला स्टाफ व छात्राओं के हाथों पर सुंदर डिजाइन बनाए। प्राचार्य आनंद काद्यान ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। निर्णायक समिति में डॉ. शर्मिला, डॉ. उर्मिला व आशा शामिल रहीं। बीए तृतीय वर्ष की अंजलि प्रथम रही, बीए प्रथम वर्ष की प्रिया व एमए दितीय वर्ष (इतिहास) की ज्योति द्वितीय स्थान पर रही, बीकॉम प्रथम वर्ष की अंशिका व बीएससी तृतीय वर्ष की दीप्ति तृतीय रही। बीए तृतीय वर्ष की खुशी व बीएससी तृतीय वर्ष की कीर्ति को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्राचार्य आनंद कादयान ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के आयोजन में सभी महिला स्टाफ सदस्य डॉ. नवीन, निशा, आरती, बेबी, पूनम, समता ने सहयोग किया।

# विधायक राजेश ने कई गांवों के जलघरों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। जलघर में अधिकारियों व ग्रामीणों के साथ बातचीत करते विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

विधायक राजेश जून ने शनिवार को जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीई, जेई व अन्य अधिकारियों के साथ नूना माजरा, डाबोदा, सराय, टांडाहेड़ी गांवों का दौरा किया। इन गांवों के जलघरों में पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने व ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

विधायक राजेश जून ने कहा कि वाटर टैंकों की सफाई कराई जाए ताकि लोगों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जा सके। अधिकारी जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण करें ताकि आमजन को मूलभूत सुविधाओं का अभाव नहीं झेलना पड़े। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों से पानी की बढ़ोतरी की मांग भी की जाएगी ताकि लोगों को पेयजल की किल्लत का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर ग्राम वासियों से बातचीत करते हुए विधायक राजेश जून ने कहा कि चुनाव के दौरान उन्होंने जनता से जो वादे किए हैं, वे सभी वादे पूरे किए जाएंगे। हलके के लोगों को बेहतर चिकित्सा, शिक्षा, पेयजल व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

# पगड़ी से हुआ दादाओं का सम्मान



बहादुरगढ़। एक बच्चे के दादा को सम्मानित करते निदेशक देवेंद्र लाठर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- **माउंट व्यू स्कूल बहादुरगढ़ में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित**

माउंट व्यू स्कूल बहादुरगढ़ में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित करने के लिए पीटीएम का आयोजन किया गया। इसमें परीक्षा परिणाम के साथ-साथ एक वृद्ध सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के 70 से अधिक उम्र के दादाओं को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। सबसे पहले राजेंद्र दलाल को स्कूल के निदेशक देवेंद्र लाठर व प्रिंसिपल सुरेंद्र छिल्लर ने पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद लिया। इसी तरह पंडित चेतराम शर्मा कसार, कृष्ण सिंह डाबोदा खुर्द, महेंद्र सिंह टांडा हेड़ी और प्रताप सिंह गांव बराही का सम्मान किया गया। देवेंद्र लाठर ने कहा कि आयोजन का मुख्य मकसद वृद्ध नागरिकों के प्रति समाज में हर परिवार में सम्मान प्रकट करना था। सुरेंद्र छिल्लर ने यह कहा कि वृद्धों के आशीर्वाद से हमें यश, आयु ,बल की प्राप्ति होती है। इस आयोजन में नीलम लाठर का योगदान भी रहा।

# उद्यमियों ने की मंत्रियों से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

फुटवियर पार्क एसोसिएशन तथा बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री नायब सैनी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। इस दौरान उद्यमियों ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज, विपुल गोयल, महिपाल ढांडा, राव नरबीर, डॉ. अरविंद शर्मा आदि के साथ मुलाकात की। उन्हें बधाइ दी तथा उद्यमियों के साथ संवाद के लिए मंत्रियों को बहादुरगढ़ के लिए आमंत्रित किया ताकि उद्योग जगत की महत्वपूर्ण चिंताओं पर चर्चा की जा सके। मुलाकात के दौरान सुभाष जग्गा, विकास आनंद दहिया, केके सेठ, अजय खट्टर, अर्पण गुप्ता, देशराज, विनोद, इंद्र छाबड़ा व वेद गोयल आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा से मुलाकात करते बहादुरगढ़ के उद्यमी।

### नन्ही पहलवान परिधि खत्री ने जीता कांस्य पदक

**बहादुरगढ़।** गांव कुलासी की बेटी परिधि खत्री ने हरियाणा स्कूल स्टेट गेम्स की कुश्ती स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता है। परिधि के प्रदर्शन पर परिजनों ने खुशी जताई है। दरअसल, रोहतक के सर छोटूराम स्टेडियम में शनिवार को यह छठी राज्य स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता शुरू हुई। गांव कुलासी की निवासी परिधि पुत्री रवींद्र खत्री ने अंडर-11 आयुवर्ग के 30 किलोग्राम भारवर्ग में भाग लिया और जोरदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। करीब 9 वर्षीय परिधि पांचवीं कक्षा की छात्रा है और गांव लडरावण स्थित सदानाथ अखाड़े में अभ्यास करती है। इससे पहले भी कई प्रतियोगिता में पदक जीत चुकी है। बेटी की जीत पर पिता रवींद्र सहित अन्य परिजनों ने खुशी जताई है। रवींद्र का कहना है कि उन्हें अपनी बेटी पर नाज है। एक दिन बेटी परिधि बड़े स्तर पर देश के लिए मेडल जीतेगी।

# गोदान कार्यक्रम में बढ़-चढ कर लिया भाग

- **स्वामी दिव्यानंद महाराज के सानिध्य में हुआ कार्यक्रम**
- **भक्तों ने गोसेवा और गोरक्षा का लिया संकल्प**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बादली रोड स्थित गो एवं वन्य जीव उपचार केंद्र में कामधेनु यज्ञ, गो पूजन, गोदान कार्यक्रम के तीसरे दिन भी गोभक्तों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। यह कार्यक्रम स्वामी दिव्यानंद महाराज के सानिध्य में हुआ। भक्तों ने गो सेवा, रक्षा का संकल्प लिया। सुबह कामधेनु यज्ञ, गो पूजन व गोदान कार्यक्रम हुआ। इसके बाद शाम को करोड़ रामलीला सभा में गो गोपाल भक्ति कथा का आयोजन हुआ। शनिवार को गोदान करने वालों में राजेश मिश्रा, रामबीर दलाल, श्रवण देवी, सुरेश कुमार, आनंद शर्मा, मनीष गुलयानी, राजा जून, मंजू राजा जून, बरखा, वरुण गाबा, मनोज खटटर, धर्मदेवी खटटर, कुमारी ध्यान मूर्ति, बिमला ग्रोवर, शांति अरोड़ा, गौरव चावला, अरुण केजरीवाल, गीता सुरेश, सतीश गुप्ता, नवीन गुप्ता, प्रीति गुप्ता, ज्योति गुप्ता, महेंद्र सिंह, रजत, वेदप्रकाश शाहपुरा, वीना कटारिया, सुरेश शर्मा ठेकेदार, प्रमिला, नारायण यादव कन्नू, अजीत खत्री, नवीन मल्होत्रा, सुभाष दीवान, सुरेश शर्मा आदि रहे। शनिवार को भंडारे की सेवा सतीश गुप्ता दिल्ली द्वारा दी गई।



बहादुरगढ़। गोदान के बाद नवीन मल्होत्रा को स्मृति चिहन भेंट करते स्वामी दिव्यानंद महाराज। फोटो : हरिभूमि




झज्जर। अनाजमंडी स्थित इफको केंद्र पर डीएपी खरीदने के लिए लगी किसानों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

## जिले में पहुंचे डीएपी स्टॉक के पहले दिन बिक्री केंद्रों पर उमड़ी किसानों की भीड़

**झज्जर।** पिछले कुछ दिनों से जिले के बिक्री केंद्रों पर डीएपी का स्टॉक खत्म होने के कारण गेहूं व सरसों की फसल की बिजाई के लिए किसान डीएपी खाद आने की बाट जोह रहे थे। ऐसे में जब शनिवार को जिले के इफको केंद्र सहित अन्य बिक्री केंद्रों पर डीएपी की खेप पहुंची तो किसानों की भीड़ उसे खरीदने के उमड़ पड़ी। कृषि अधिकारियों के अनुसार यहां कुल 18 हजार बैग की सप्लाई आई है, जिसे जिले के विभिन्न इफको केंद्र, सहकारी समिति, प्राइवेट उर्वरक केंद्र व किसान सेवा केंद्र आदि पर भेजा गया।

## दो भाइयों को खुशी, एक ने नेट किया क्वालीफाई तो दूसरे को मिली क्लर्क पद पर नियुक्ति

**रेवाड़ी।** जिले के गांव गिंदोखर निवासी अनिल कुमार व सुनीता यादव के परिवार में खुशी का माहौल है। उनके दोनों बेटों ने एक ही दिन में सफलता का परचम लहराया है। बड़े बेटे पंकज कुमार ने पर्यावरण विज्ञान विषय में यूजीसी जेआरएफ नेट परीक्षा में 99.68 पर्सेंटाइल के साथ सफलता हासिल की है। पंकज ने अपनी बीएससी दिल्ली विश्वविद्यालय से की है और एमएससी गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार से पूरी की। पंकज का सपना पर्यावरणीय शोध में अपना योगदान देना है, और अब नेट क्वालीफाई करने के बाद वह अपने लक्ष्य के और भी करीब पहुंच गए हैं। पंकज के छोटे भाई साहिल यादव को हरियाणा सरकार के अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण निदेशालय में क्लर्क पद पर नियुक्ति मिली है। यह नियुक्ति साहिल की कड़ी मेहनत और संकल्प का परिणाम है। दोनों भाइयों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार व गुरुजनों को दिया है। उन्होंने कहा कि इस सफलता में उनके माता-पिता व चाचा का सबसे बड़ा योगदान रहा है।



रेवाड़ी। पंकज व साहिल अपने माता-पिता के साथ।

उन्होंने उनके सपनों को साकार करने में पूरी मदद की। साथ ही दोस्तों ने भी उनकों हर कदम पर प्रोत्साहन दिया। उनके माता-पिता अनिल कुमार व सुनीता यादव ने कहा कि यह उनकी मेहनत और धैर्य का परिणाम है।

## कंपनी का लाखों रुपये का सामान गायब करने के तीन आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने कोरियर कंपनी का लाखों रुपये का सामान गायब करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। माल बरामद करने के लिए पुलिस ने तीनों को कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस शिकायत में दुर्गा कॉलोनी स्थित कोरियर कंपनी के सुरक्षा अधिकारी हिमांश शर्मा ने बताया था कि ब्रांच प्रबंधक जयदीप से सूचना मिली कि कंपनी की एक ब्रांच से मेन ब्रांच में भेजा गया सामान नहीं मिला है। 4.92 लाख रुपये के सामान को गाड़ी चालक पुष्पेंद्र और कंपनी कर्मचारी जयबीर ने मिलकर गायब कर दिया है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ 17 अक्टूबर को केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में यूपी के दर्ग कुंदरा निवासी गाड़ी चालक पुष्पेंद्र, बालधन कलां निवासी जयबीर और बोड़िया कमालपुर निवासी अनिल को गिरफ्तार कर लिया।

## बैंक में महिलाओं ने उड़ाई बैग से नकदी वारदात सीसीटीवी में हुई रिकॉर्ड

**धारूहेड़ा।** एसबीआई की मालपुरा ब्रांच में पैसे जमा कराने के आए एक बैंक ग्राहक के बैग से महिलाओं ने 1.15 लाख रुपये चोरी कर लिए। महिलाएं चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में नजर आ रही हैं। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। यूपी के नैपुरा जनसा निवासी सौरव मिश्रा ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह मालपुरा में किराए के मकान में रहता है। अपने साथी सूरज गिरी के साथ वह एसबीआई में 115200 रुपये जमा कराने के लिए बैंक शाखा में आया था। बैंक के बैग साइड में रखने के बाद वह डिपोजिट फार्म भर रहा था। उसके पास तीन महिलाएं आकर खड़ी हो गई थीं, जो बाद में गायब हो गई। बैंक स्लिप भरने के बाद जब उसने बैग से रुपये निकालने चाहे, तो बैग से नकदी गायब मिली। उसने उसी समय शोर मचा दिया। बैंक गार्ड व स्टाफ सदस्य भी वहां एकत्रित हो गई। शाखा प्रबंधक ने तुरंत सीसीटीवी फुटेज चेक की तो बैंक में आई महिलाओं में से एक बैग से नकदी निकालते हुए नजर आई। वह और बैंक स्टाफ महिलाओं की पहचान नहीं कर पाए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर चोरी का केस दर्ज कर लिया।

## मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी

**बावल।** खिजूरी में चोर एक मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। बावल थाना पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में पूर्णसिंह ने बताया कि वह एक फैक्ट्री में काम करता है। वह अपनी ड्यूटी पर गया हुआ था। उसकी पत्नी मकान को ताला लगाकर दोपहर के समय अपनी सहेली के घर चली गई। करीब 2 घंटे के बाद जब उसकी पत्नी घर आई तो मकान का ताला टूटा हुआ था। मकान के अंदर कमरे में सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर संदूक से 3 सोने के ओम, 2 जोड़ी सोने के टॉप्स, एक जोड़ी सोने के कुंडल, एक सोने की अंगूठी, एक जोड़ी सोने की झूमकी व 10 हजार रुपये चोरी कर ले गए। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। बाद में पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# क्षेत्र के विकास के लिए कैबिनेट मंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विधायक डॉ. अरविंद शर्मा को कैबिनेट मंत्री बनने पर बहादुरगढ़ से भाजपा प्रत्याशी रहे दिनेश कौशिक सेवामूर्ति ने अपनी टीम के साथ बधाई दी। दिनेश कौशिक ने गोहाना हलके में शर्मा से मुलाकात कर उनसे बहादुरगढ़ के विकास पर चर्चा की। साथ ही उन्हें 20 अक्टूबर को सेक्टर-2 स्थित भाजपा कार्यालय में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन का निमंत्रण भी दिया है।

दिनेश कौशिक ने कहा कि डॉ. अरविंद शर्मा को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने से न केवल गोहाना, बल्कि झज्जर जिले में विकास कार्यों की बौछार होगी। डॉ. अरविंद शर्मा झज्जर और बहादुरगढ़ की हर छोटी बड़ी समस्या से वाकिफ हैं। उन्होंने पिछले पांच साल लोगों की समस्याओं को समझा है। लोगों की शिकायत सुनी है।

अब निश्चित रूप से वे सभी समस्याओं को दूर करेंगे। दिनेश कौशिक ने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। इसका सीधा लाभ गरीब, वंचित और किसानों को होगा। इस अवसर पर दिनेश कौशिक के साथ भाजपा नेता नरेश भारद्वाज, रामकंवार सैनी, विकास काजला, शेखर कौशिक, राम अहलावत, मुकेश, सुदर्शन आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। डॉ. अरविंद शर्मा को फूलों का गुलदस्ता भेंट करते दिनेश कौशिक।



बहादुरगढ़। प्राचार्या सहित अन्य शिक्षकों के साथ इंशात। फोटो : हरिभूमि

### कैंप से लौटे छात्र का अभिनंदन

**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय बादली में बीए तृतीय वर्ष के छात्र इशांत ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित एनआईसी कैंप में भाग लिया। कैंप से भाग लेकर लौटे इंशात का कॉलेज में जोरदार स्वागत किया गया। इंशात ने कॉलेज में पहुंचकर अपना अनुभव सांझा किया। प्राचार्या आनंद कादियान, एनएसएस पीओ रेणु और संदीप ने भी छात्र को बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**खबर संक्षेप**

### अस्पताल में पीपीपी मोड पर डायलिसिस सुविधा निशुल्क

**झज्जर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा शपथ के दूसरे ही दिन क्रॉनिक किडनी रोगियों के लिए फ्री डायलिसिस की घोषणा की है। सिविल सर्जन डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने बताया कि स्थानीय नागरिक अस्पताल में डायलिसिस सुविधा अभी तक कुछ कैटेगरी के लिए निशुल्क थी। मरीजों की बढ़ती संख्या और प्राइवेट अस्पतालों में महंगे इलाज को देखते हुए अब नागरिक अस्पताल में पीपीपी मोड पर डायलिसिस सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस सुविधा से विशेषकर ऐसे लोगों को अधिक फायदा होगा जो डायलिसिस के लिए निजी अस्पतालों में अधिक पैसे खर्च करने में असमर्थ हैं। सरकार द्वारा की गई घोषणा को धरातल पर अमल में लाने के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल में डायलिसिस सुविधा सभी मरीजों के लिए निशुल्क उपलब्ध कराने बारे आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

कर्मचारी पांच बजे से पहले ही बंद कर देते हैं कार्य

# कांटे पर तुलाई कार्य की समय सीमा बढ़ाए जाने की मांग

- फसल का वजन अन्य किसी कांटे से कराना पड़ता था जिसकी एवज में उसे अतिरिक्त एक सौ रुपये देने पड़ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्थानीय अनाज मंडी परिसर स्थित कांटे पर शुरू किए तुलाई कार्य से बेशक किसानों व आढ़तियों को राहत मिली है लेकिन कांटे का समय उन्हें रास नहीं आ रहा। किसानों द्वारा कांटे पर तुलाई कार्य की समय सीमा बढ़ाए जाने की मांग निरंतर उठाई जा रही है। आढ़तियों का कहना है कि कांटा बंद होने के चलते किसानों को अपनी फसल का वजन अन्य किसी कांटे से कराना पड़ता था जिसकी एवज में उसे अतिरिक्त एक सौ रुपये देने पड़ते थे। अब यहां कांटे पर निःशुल्क तुलाई कार्य शुरू होने से कुछ राहत मिली है लेकिन तुलाई कार्य करने वाले कर्मचारी पांच बजे से पहले ही कार्य बंद करके चले जाते हैं जिस कारण कई किसानों का कार्य अधर में ही लटका रह जाता है और उन्हें खाली वाहन की तुलाई के लिए फिर से बाहर जाना पड़ता है। इसके अलावा देर शाम तक किसानों का फसल में मंडी लाना जारी रहता है। ऐसे में कांटा बंद होने पर उसे फिर से किसी निजी धर्मकांटे का रुख करना पड़ता है। शनिवार को भी कांटा तुलाई का कार्य साढ़े चार बजे से पहले ही बंद कर दिया गया। उधर, मंडी में उतरने वाली धान की फसल को आढ़तियों द्वारा उच्चतम बोली पर खरीदा जा रहा है। आढ़ती नवीन ने बताया कि अनाजमंडी में मुख्यतः दो प्रकार की धान की किस्म पहुंच रही है। हाथ से निकाले गए धान व मशीन से निकाले गए धान की कीमतों में अंतर हैं। शनिवार को हाथ निकाले गए 1718 किस्म धान की बोली जहां 3600 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गई वहीं 1509 किस्म धान को 3151 रुपये प्रति क्विंटल की उच्चतम बोली पर खरीदा गया। मशीन से निकाले गए 1509 किस्म वाले धान की बोली 2900 रुपये प्रति क्विंटल पर छूटी।



झज्जर। अनाजमंडी में करीब सवा चार बजे ही बंद हुआ तुलाई कार्य। फोटो :हरिभूमि

# ड्राइंग प्रतियोगिता में वंश रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया तथा इंडेप्थ विजन फाउंडेशन द्वारा स्वच्छ भारत-स्वस्थ समुदाय अभियान के अंतर्गत ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल गोच्छी में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। स्कूल डायरेक्टर सुरेंद्र अहलावत ने प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का हिस्सा है और इसकी सुरक्षा करना हमारी जिम्मेवारी बनती है। स्कूल की प्रिंसिपल ज्योति अहलावत ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान जूनियर वर्ग में वंश को प्रथम, मेहर को द्वितीय व एंजल को तृतीय स्थान मिला जबकि सीनियर वर्ग में छवि व संदेश को पहला, सिया व पल्लवी को दूसरा तथा हर्षिता व तनिष्का को तीसरा स्थान मिला। इस मौके पर संस्था सदस्य पूनम देशवाल, विकास कौशिक व सागर सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों के साथ संस्था व स्कूल स्टाफ सदस्य।



### 46 वाहन चालकों के काटे चालान

**झज्जर।** जिला यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवेहलना करने व नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान किए गए। एसीपी अखिल कुमार ने बताया कि शहर में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थी कि वाहन चालक अपने वाहनों को कहीं पर भी पार्क करके चले जाते हैं। जिससे शहर में जाम की स्थिति बन जाती है और आने जाने वाले अपने वाहनों व पैदल यात्रियों को भी निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए शनिवार को यातायात प्रबंधक उप निरीक्षक नरेन्द्र कुमार की टीम ने नो पार्किंग जोन में खड़े आठ वाहनों के चालान काटे गए। इसके अलावा बिना नंबर प्लेट लगे पांच वाहनों सहित 46 वाहन चालकों के चालान किए गए।

# कनिका, नैंसी व वीरिका द्वारा लगाई मेहंदी रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

इंडो अमेरिकन स्कूल में करवा चौथ पर्व के उपलक्ष्य में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। उन्होंने एक से बढ़कर एक सुंदर डिजाइन में मेंहदी लगाई। दो ग्रुपों में आयोजित इस प्रतियोगिता के ग्रुप एक में कनिका को प्रथम, चित्रांशी को द्वितीय व मिताली को तृतीय स्थान मिला। ग्रुप दो में नैंसी व वीरिका को पहला, यशिका व खुशी को दूसरा तथा हिमांशी को तीसरा स्थान मिला। स्कूल निदेशिका बबीता कादियान ने छात्राओं को करवा चौथ पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि यह व्रत रखने से पति की आयु लंबी होती है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से जोड़े रखने में भी सहायक रहती हैं।



# मेहंदी में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन में शनिवार को करवा चौथ पर्व के उपलक्ष्य में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्थान की प्राचार्या डॉक्टर संतोष ने मेंहदी का अवलोकन करते हुए छात्राओं की रचनात्मकता और कौशल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि छात्राओं ने मेहंदी डिजाइनिंग की कला में उत्कृष्टता दिखाई है। प्रतियोगिता की सभी विजेता छात्राओं को संस्थान निदेशक डॉक्टर ऋषि गोयल द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।





झज्जर। नवदुर्गा श्री बूढ़ा महादेव मंदिर में हवन करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### करवाचौथ नारी की शक्ति का है उत्सव : भारद्वाज

**झज्जर।** कार्तिक मास के दौरान श्री नवदुर्गा मंदिर बूढ़ा महादेव में नित्यप्रति हवन यज्ञ का आयोजन 59 वर्षों से जारी है। पिछले कई वर्षों से परपंरानुसार जारी इस यज्ञ का समापन कार्तिक पूर्णिमा अर्थात गंगा स्नान पर होगा। पंडित अनिल भारद्वाज ने बताया कि कार्तिक मास को सबसे सर्वोत्तम मास माना गया है। कार्तिकेय महीने के स्वामी भगवान कुमार कार्तिकेय है। इसलिए इस महीने में कुमार कार्तिकेय की पूजा भी करनी चाहिए। इन्ही के नाम पर ही इस मास का नाम कार्तिक मास है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा और विश्वास भक्ति मार्ग में बहुत जरूरी है। भगवान इसी आधार पर आशीर्वाद देते है। हिन्दू धर्म मे करवा चौथ नारी के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन होता हैं। जिसे सुहागिन स्त्रियां एक पर्व के रूप में मनाती है व पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखकर चंद्रमा की पूजा करती है। करवा चौथ नारी की शक्ति का उत्सव है। करवा चौथ एक ऐसा पावन दिन है, जब पति की आयु और विजय की कामना एवं प्रार्थना प्रभु स्वीकार करते हैं। इस दिन चन्द्रमा की पूजा करने से सभी देवी-देवताओं की पूजा करना माना जाता हैं। भगवान चन्द्रमा से अपने पति की लम्बी आयु का वरदान मांगती है।

# जागरुकता रैली निकालकर ग्रामीणों को किया नशे के प्रति जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाकला में प्रहरी क्लब के सहयोग से शनिवार को विद्यार्थियों द्वारा जागरुकता रैली निकालकर लोगों को नशे के प्रति जागरुक किया गया। इस दौरान नशा मुक्त विद्यालय परिसर विषय पर स्लोगन लेखन, निबंध लेखन व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रहरी क्लब के इंचार्ज विजय कुमार ने विद्यार्थियों को सभी प्रकार के नशों के प्रकार व दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उन्हें नशे से दूर रहने संबंधी शपथ भी दिलाई। स्कूल प्राचार्य वेद प्रकाश ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को नशे से होने वाली फेफड़ों तथा लीवर की कई प्रकार की बीमारियों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय परिसर से दो सौ मीटर दूरी तक किसी व्यक्ति द्वारा बीड़ी, सिगरेट, पान, गुटका, शराब आदि बेचने पर जुर्माना लगाने व पुलिस में शिकायत दर्ज कराने का निर्णय भी लिया। इस मौके पर योगिता, राहुल तिवारी, आनंद, ब्रह्मपाल, संदीप कुमार, जसवंत सिंह, मनोज कुमार, ममता, राकेश कुमार, सुनील कुमार, विक्रम, अरुण कुमार व रमेश कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। नशे के प्रति ग्रामीणों को जागरुक करने के लिए रैली निकालते हुए विद्यार्थी।

**समारोह** | आरईडी विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस व छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन

# प्रतियोगिता में सुभाष सदन ने बेस्ट हाऊस की ट्रॉफी जीती

- हेड ब्वाय विनायक ने प्रतिभागियों को निष्पक्ष खेल भावना का परिचय देने की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आरईडी विद्यालय में शनिवार को वार्षिक खेल दिवस व छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आरईडी संस्था के निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि संस्था के उपनिदेशक शैलेंद्र सिंह अहलावत व खुशबू अहलावत विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विद्यालय की कार्यवाहक प्रमुख गीता गाबा, संदीप व पूजा ने बताया कि मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के साथ समारोह की शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट निकालकर मुख्यातिथि को सलामी दी। हेड ब्वाय विनायक ने प्रतिभागियों को निष्पक्ष खेल भावना का परिचय देने की शपथ दिलाई। इसके उपरांत खेलों के साथ-साथ शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विजेता प्रतिभागियों एवं अकादमिक स्तर पर दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को लगभग 84 हजार 600 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान करके सम्मानित किया गया। खेल स्पर्धाओं में विद्यार्थियों के बीच रस्सा-कस्सी, सैक रेस, आलू रेस, हर्डल रेस, लैमन रेस, लांग जंप, हाई जंप, 100 व 200 मीटर रेस और 4 गुणा 100 मीटर की रिले रेस कराई गई। प्रतियोगिता में सबसे अधिक पदक प्राप्त करके सुभाष सदन ने बेस्ट हाऊस की ट्रॉफी जीती।




झज्जर। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि जितेंद्र सिंह अहलावत। फोटो :हरिभूमि

**न्यूज डायरी**



झज्जर। मंच पर शिक्षकों के साथ मौजूद नाटक प्रतियोगिता के प्रतिभागी विद्यार्थी।

### मेहंदी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**झज्जर।** संस्कारम स्कूल खातीवास में शनिवार को अंतर सदनीय नाटक व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नाटक में भाग लेने वाले नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर बाल श्रम, शिक्षा का महत्व, साइबर क्राइम, ड्रग एडिक्शन और अपने बुजुर्गों व अध्यापकों के प्रति सम्मान का संदेश दिया। नाटक प्रतियोगिता में होनेस्ट सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा ट्रस्ट सदन को दूसरा व रिस्पेक्ट सदन को तीसरा स्थान मिला। मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने शिक्षिकाओं की हथेलियों पर मेहंदी के एक से बढ़कर एक डिजाइन बनाए। इस प्रतियोगिता में करेज सदन से मानसी को प्रथम व शगुन को द्वितीय स्थान मिला जबकि होनेस्ट सदन की अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कारम् समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। ये प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में वृद्धि करती हैं तथा उनकी छिपी प्रतिभा को निखारने में भी सहायक होती हैं।

### 22 एनसीसी कैडेट्स को मिला ए-ग्रेड सर्टिफिकेट

**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के एनसीसी के 22 कैडेट्स को हरियाणा नौसेना एनसीसी इकाई की तरफ से ए-ग्रेड सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। विद्यालय के सीटीओ महेन्द्र कुमार ने बताया कि जिले में हरियाणा नौसेना एनसीसी इकाई की 50 नियमित सीटें केवल एचडी संस्थान के पास है। विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने अपनी बेहतरीन कार्यप्रणाली से ए-ग्रेड सर्टिफिकेट प्राप्त कर विद्यालय व जिले का गौरव बढ़ाया है। विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स सहयोग, एकता, अनुशासन, देश भक्ति व समर्पण की भावना से परिपूर्ण होता है। उनके विद्यालय का एनसीसी कैडेट निखिल जहां बेस्ट कैडेट का अवार्ड जीत चुका है वहीं सीटीओ सतवंत जाखड़ भी एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर बन चुका है। एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा, हेमन्त व प्राचार्य सतबीर सिंह ने होनहार एनसीसी कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



झज्जर। शिक्षकों के साथ ए-ग्रेड सर्टिफिकेट दिखाते हुए एनसीसी कैडेट्स। फोटो :हरिभूमि

### अध्यापिकाओं के हाथों पर छात्राओं ने लगाई आकर्षक मेहंदी



झज्जर। छात्राओं द्वारा लगाई मेहंदी दिखाते हुए अध्यापिकाएं। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में करवा चौथ पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सातवीं से बारहवीं कक्षा तक की छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने अपनी कक्षा इंचार्ज अध्यापिकाओं के हाथों पर आकर्षक मेहंदी लगाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता के दौरान छात्रा साक्षी, खुशी, लक्ष्या, सविता, राशि, श्रेया, गरिमा व इच्छा द्वारा लगाई गई मेहंदी सराहनीय रही। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया व स्कूल प्रबंधक केएम डागर द्वारा सभी प्रतिभागी छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### स्कैनिंग मशीन के उपयोग पर कार्यशाला आयोजित

**झज्जर।** महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में शनिवार को फोटोकॉपी और स्कैनिंग मशीन के उपयोग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्थान प्राचार्या डॉक्टर माधवी शर्मा ने छात्राओं को इसकी महत्ता से अवगत कराया। कार्यशाला के दौरान एमएस डिजिटल कम्युनिकेशन रोहतक के अंकुर गुलेरी द्वारा छात्राओं को फोटोकॉपी व स्कैनिंग मशीन के उपयोग संबंधी जानकारी दी। कार्यशाला के सफल आयोजन पर प्राचार्या डॉक्टर माधवी शर्मा ने नॉन-टीचिंग स्टाफ की मानसी और अनिता तथा सहयोगी बालकिशन व प्रदीप जोशी के प्रयासों की सराहना की।





झज्जर। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान शिक्षकों के साथ स्थानीय बस स्टैंड पर मौजूद विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

# विद्यार्थियों को कम्युनिटी हेल्पर्स की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

किड्ज शैशव, मोंटेसरी व वैदिक स्कूल में शनिवार को कम्युनिटी हेल्पर्स रोल प्ले का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पुलिस वाला, दूध वाला, फेरीवाला, डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, पेंटर, किसान आदि वेष धारण करके समाज में मिलजुल कर रहने व एक-दूसरे का सहयोग करने का संदेश दिया। इस दौरान प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपने वर्णित चरित्र की समाज में भागीदारी को कविता और शब्दों के माध्यम भी दर्शाने का प्रयास किया। प्राचार्या उषा गहलोत ने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों को एक वीडियो भी दिखाई गई। जिसमें बताया गया कि दैनिक जीवन में पुलिस, शेफ, शिक्षक व किसान आदि कितना महत्व रखते हैं। इसके अलावा विद्यार्थियों को रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड का भी शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

### धारुहेड़ा क्षेत्र से युवती घर से लापता

**धारूहेड़ा।** क्षेत्र के एक गांव से करीब 20 वर्षीय युवती घर से लापता हो गई। पुलिस शिकायत में एक महिला ने बताया कि उसकी बेटी 18 अक्टूबर को सुबह 11 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। जब वह शाम तक घर नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की गई। रिश्तेदारियों और दूसरे स्थानों पर पता करने के बाद भी उसकी बेटी का कोई सुराग नहीं मिला।

**सूचना**

मैं, जय भगवान पुत्र श्री मेहर दास निवासी गांव बालौर, तहसील बहादुरगढ जिला झज्जर हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र प्रवीन व पुत्रवधु श्रीमति कीर्ति मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**खबर संक्षेप**

### किसान के खेतों से उपकरण चोरी

**बहादुरगढ़।** चोरी की बढ़ती वारदातों के बीच गांव में किसानों के उपकरण भी सुरक्षित नहीं है। आए दिन किसी न किसी गांव के खेत में चोरी के मामले सामने आ रहे हैं। अब गांव बुपनिया में वारदात हो गई। पुलिस को दी शिकायत में बिजेंद्र का कहना है कि गंगड़वा रोड पर उनके खेत हैं। गत 16 अक्टूबर की रात को उसके खेत से दो मोटर, चार स्टार्टर, तीन वाल, दो एलबो, 20 मीटर डोरी व 9 कटआउट चोरी हो गए। इतना ही नहीं, पड़ोसी किसान दीपक के खेत से भी दो मोटर, 100 मीटर तार, तीन वाल, कटआउट आदि चोरी हुए हैं। अपने स्तर पर जांच की लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं चला। उधर, बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लोहारहेड़ी से वाहन ले उड़े चोर

**बहादुरगढ़।** इलाके में दोपहिया वाहन चोरी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अब गांव लोहारहेड़ी में वारदात हो गई। पुलिस को दी शिकायत में कपिल ने कहा है कि वह लोहारहेड़ी में स्थित मछली के तालाब पर ठेकेदार के पास काम करता है। गत 17 अक्टूबर को उसने तालाब के पास अपनी बाइक खड़ी कर दी। फिर दूसरे तालाब पर चला गया। कुछ देर बाद वापस आया तो बाइक नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शहर में पचास से अधिक स्थानों पर लगी मेहंदी लगाने की स्टॉल

# मेहंदी वालों से लेकर, पार्लर, कपड़ों और ज्वेलर्स शॉप पर उमड़ी भीड़



बहादुरगढ़। करवाचौथ व्रत से पूर्व मेहंदी लगवाती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि





झज्जर। मेन बाजार में लगी एक स्टॉल पर मेहंदी लगवाती महिलाएं व आभूषण विक्रेता से चांदी के आभूषण खरीदती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

**करवाचौथ पर्व को लेकर महिलाओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। बाजारों में महिलाओं ने जमकर खरीदारी की।ज सिके कारण दुकानदारों के चेहरों पर भी खुशी दिखाई दी। इसके अलावा मिष्ठान भंडारों पर करवे की खरीद करने वाले लोगों की भीड़ रही।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

करवाचौथ पर्व को लेकर महिलाओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। बाजारों में महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। स्थिति यह रही कि मेहंदी वालों से लेकर, पार्लर, कपड़ों और ज्वेलर्स शॉप पर महिलाओं की भीड़ उमड़ी। जिसके कारण दुकानदारों के चेहरों पर भी खुशी दिखाई दी। इसके अलावा मिष्ठान भंडारों पर करवे की खरीद करने वाले लोगों की भीड़ रही। आभूषण विक्रेता रविंद्र सोनी ने बताया कि उनके यहां महिलाओं द्वारा मुख्यतः चांदी के आभूषणों के खरीददारी की जा रही है जिनमें अधिकांश महिलाओं द्वारा चुटकी व पायजेब की खरीद की गई। वस्त्रालय शोरूम के संचालक श्याम सुंदर टुटेजा ने बताया कि उनके यहां महिलाओं द्वारा रेडिमेट सूट, शरारा, नायरा, आलिया, फ्रॉक सूट आदि की खरीद की जा रही है।

### पचास से अधिक स्थानों पर लगी मेहंदी

महिलाओं में मेहंदी लगवाने का उत्साह दिनभर रहा। शहर में पचास से अधिक स्थानों पर मेहंदी लगाने की स्टॉल लगाई गई। जिन पर भी महिलाओं को मेहंदी लगवाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। कुछ महिलाओं ने शगुन के तौर पर 11 सौ रुपये तक मेहंदी लगवाने के लिए दिए। वहीं अधिकांश जगह सजावट के मुताबिक मेहंदी लगाने के रेट फिक्स किए गए। दो सौ रुपये से लेकर पांच सौ रुपये तक मेहंदी सजाने की कीमत रही।

### महिलाएं घर पर कर सकती हैं स्वयं को तैयार

विशेषज्ञों के अनुसार घर में उपलब्ध सामान से भी महिलाएं स्वयं को संवार सकती है। दो चम्मच गेहूं का चोकर, एक चम्मच बादाम तेल, दही, शहद और गुलाब जल का पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाकर बीस मिनट बाद धोने से चेहरे की सुंदरता में निखार आता है तथा चेहरा खिला-खिला रहता है।

### महिलाओं ने लगवाई पिया के नाम की मेहंदी

बहादुरगढ़। करवा चौथ की पूर्व संध्या को शहर में काफी रौनक देखने को मिली। रेलवे रोड, मेन बाजार, नजफगढ़ रोड सहित तमाम बाजारों में भीड़भाड़ रही। महिलाओं ने जमकर करवे व श्रृंगार संबंधित सामान की खरीदारी की। एक तरफ जहां महिलाओं ने पिया के नाम की मेहंदी लगाई तो वहीं पुरुषों ने भी अपनी पत्नियों के लिए उपहार खरीदे। शनिवार को सुबह से ही बाजार में रौनक थी। दुकानें अन्य दिनों की अपेक्षा कई घंटे पहले खुल गई थी। ब्यूटी पार्लर आदि पर एडवांस बुकिंग हो चुकी थी। दिनभर ब्यूटी पार्लरों में भीड़भाड़ रही। इतना ही नहीं, कमेटी चौक सहित शहर के बाजारों में कई जगह मेहंदी की स्टॉल लगी थी। इन स्टॉल पर देर रात तक मेहंदी लगवाने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही। इसी तरह बाजारों में करवे आदि की दुकानों पर भी काफी खरीदारी हुई। वहीं, दूसरी तरफ पुरुष भी खरीदारी करने में पीछे नहीं रहे। काफी पुरुषों ने अपनी पत्नी को उपहार देने के लिए गिफ्ट गैलरीज और आभूषणों की दुकान पर खरीदारी की।



बहादुरगढ़। कमेटी चौक पर मेहंदी लगवाती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

# पुलिस और नप टीम ने दुकानदारों को अतिक्रमण न करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

त्योहारी सीजन के कारण दुकानदारों द्वारा बिक्री के लिए जगह-जगह पर दुकानों के बाहर स्टॉल लगा रखी है। जिसके कारण संकीर्ण हुए बाजार में जाम की स्थिति पैदा हो रही है। इस अतिक्रमण को हटाए जाने के लिए नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर दुकानदारों को अपना सामान एक निश्चित परिधि के अंदर रखने की चेतावनी दी जा रही है। पिछले दो दिनों से चलाए जा रहे इस अभियान के कारण दुकानदारों में रोष है। दुकानदारों का कहना है कि वे केवल त्यौहार के चलते अपनी दुकानों के आगे सामान लगा रहे हैं। यदि वे ऐसा नहीं करेंगे तो उनकी बिक्री में कमी आएगी जिस कारण उन्हें आर्थिक नुकसान पड़ेगा। जिला प्रशासन को चाहिए कि वह बाजार में वाहनों पर प्रतिबंध लगाकर इस समस्या के समाधान का प्रयास करें। नगर परिषद के दरोगा मुकेश सोनी ने बताया कि उनके द्वारा पिछले दो दिनों से दुकानदारों को बाहर लगाए गए सामान को निश्चित सीमा के अंदर रखने की चेतावनी दी जा रही है। यदि दुकानदार अपना सामान बाहर रखकर अतिक्रमण करते हैं तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शनिवार को चलाए गए अभियान के दौरान उनकी टीम में सफाई दरोगा सुंदरलाल, मनोज, कर्मचारी शिब्बू, दीपक, विकास, कपूर व लोकराम सहित पुलिसकर्मी भी शामिल रहे।



झज्जर। दुकानदारों को सामान निश्चित परिधि में रखने की चेतावनी देते हुए पुलिसकर्मी एवं नप टीम सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## कार व मोटरसाइकिल की टक्कर में दंपती की मौत

■ मृतक के पुत्र की शिकायत पर आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**झज्जर।** शहर के गुरुग्राम मार्ग पर याकूबपुर गांव के नजदीक तेज गति से आ रही एक कार ने मोटरसाइकिल सवार दंपत्ति को टक्कर मार दी। जिस कारण उनकी मौत हो गई। मृतक दंपत्ति की पहचान क्षेत्र के गांव जहाजगढ़ निवासी नरेश कुमार व प्रेम के तौर पर की गई है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक दंपत्ति के पुत्र आर्यन ने बताया कि उसके पिता नरेश कुमार व माता प्रेम शुक्रवार को गुरुग्राम के ओम नगर में रहने वाली भांजी भव्या को लेकर मोटरसाइकिल पर ढाणा मानेसर जा रहे थे। दोपहर करीब सवा दो बजे बाद उसे याकूबपुर गांव के नजदीक उसके माता-पिता के एक्सीडेंट की सूचना मिली। उसे बताया गया कि उन्हें उपचार के लिए फारुर्खनगर के सरकारी अस्पताल ले जाया जा रहा है। सूचना पाकर जब वह संबंधित अस्पताल पहुंचा तो वहां एक्सीडेंट में आई गंभीर चोटों के कारण जहां उसके माता-पिता की मौत हो चुकी थी वहीं उसकी भांजी को गंभीर चोटों के कारण प्राथमिक उपचार के बाद गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल रैफर किया गया था। पुलिस ने आर्यन की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## डॉक्टर अरविंद शर्मा को कैबिनेट मंत्री बनाने पर बांटी मिठाइयां

**झज्जर।** गोहाना से विधायक डॉक्टर अरविंद शर्मा को कैबिनेट मंत्री और पलवल से विधायक गौरव गौतम को राज्य मंत्री बनाए जाने पर ब्राहम्ण समाज में खुशी की लहर है। शनिवार को स्थानीय श्री ब्राहम्ण धर्मशाला में ब्राहम्ण सभा द्वारा प्रधान राज देवरखाना व महासचिव संत सुरेहती के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया और मिठाइयां बांट कर खुशी का इजहार किया। संत सुरेहती ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में विधानसभा चुनाव में 12 ब्राहम्ण उम्मीदवारों को टिकट दिया। जिसके कारण ब्राहम्ण समाज उनका आभार व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि यह एक पारदर्शी व 36 बिरादरी की सरकार बनी है। जिसमें सभी वर्गो को एक समान भागीदारी मिली है। इस मौके पर प्रवीन कौशिक, कुलदीप शर्मा डावला, धर्मवीर शर्मा गुढ़ा, अंकित शर्मा छबीली, पवन वत्स, दीपक शर्मा, विष्णु कबलाना, जगबीर सिलानी, संजय सिलानी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान विजयी चिन्ह बनाते हुए ब्राहम्ण समाज के लोग।

## पूरी तरह से नहीं बुझी है आग

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-16 के प्लॉट संख्या 155 में स्थित नैनपाओ फैक्ट्री के गोदाम में लगी आग अभी तक पूरी तरह से नहीं बुझ सकी है। कुछ हिस्से में आग अब भी धधक रही है। दमकल विभाग के कर्मचारी लगातार आग बुझाने में लगे हुए हैं। जानकारी के अनुसार गोदाम के मालिक ताइवान और चीन से जूतों में इस्तेमाल होने वाला एडहेसिव मंगवाते हैं और यहां स्टॉक करते हैं। आग लगने की यह घटना वीरवार को हुई थी। तब से दमकल कर्मियों की जद्दोजहद जारी है। अब तक आग पूरी तरह से बुझ नहीं पाई है। मलबे के नीचे आग धधक रही है। भीषण अग्निकांड में भवन की छत गिर चुकी है और दीवारें भी ढह चुकी हैं। साथ लगती फैक्ट्रियों के भवनों को भी चपेट में लेना शुरू कर दिया था। फैक्ट्री संख्या 152 में जूता, फैक्ट्री संख्या 153 में गत्ता और फैक्ट्री संख्या 154 में कढ़ाई का काम होता है। ये भी आग की चपेट में आ गई थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# मुख्यमंत्री के साथ धर्मवीर वर्मा ने की हलके के विकास पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से हरियाणा भवन में झज्जर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व वाइस चेयरमैन धर्मवीर वर्मा व पूर्व शहरी मंडल अध्यक्ष कृष्ण चंद्र ने मुलाकात की। उन्होंने भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनने व अपने नायब कार्यों के कारण दूसरी बार लगातार मुख्यमंत्री बनने पर नायब सिंह सैनी को बधाई दी। उधर, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी धर्मवीर वर्मा को अपने हाथों से मिठाई खिलाई। भाजपा नेता धर्मवीर वर्मा व कृष्ण चंद्र ने बहादुरगढ़ हलके के विकास को लेकर भी मुख्यमंत्री से चर्चा की। हलके की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निदान करवाने का आग्रह भी किया। धर्मवीर वर्मा ने मुख्यमंत्री को बहादुरगढ़ आगमन का निमंत्रण दिया। बकौल धर्मवीर, मुख्यमंत्री ने उन्हें इस बारे में आश्वासन दिया कि वे जब भी बहादुरगढ़ आएंगे तो उनके आवास पर जरूर आएंगे। धर्मवीर वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार की तीसरी पारी में विकास की गति पहले से काफी अधिक होगी।



बहादुरगढ़। मुलाकात के दौरान धर्मवीर वर्मा को मिठाई खिलाते सीएम नायब सैनी। फोटो : हरिभूमि

## कुत्ते से कटवाया और जान से मारने की धमकी दी

**बहादुरगढ़।** गांव एमपी माजरा में एक दुकानदार के साथ वारदात हो गई। उसके साथ मारपीट की गई, कुत्ते से कटवाया गया। पुलिस को शिकायत दी तो से जान से मारने की भी धमकी दी गई। इस संबंध में पीड़ित ने अब आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करा दिया है। एमपी माजरा के निवासी शेर सिंह का कहना है कि उसकी फलों की दुकान है। गत 16 अक्टूबर को गांव का निवासी एक व्यक्ति आया और झगड़ने लगा। उसके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, कुत्ते से भी कटवा दिया। इस हमले में मुझे काफी चोट आई और डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। मैंने पुलिस को शिकायत दी तो आरोपी शनिवार को फिर से आया और मुझसे कहने लगा कि केस वापस लेले, वरना जान से मार दूंगा। उधर, बादली पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। झगड़े की वजह तफ्तीश का विषय है।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ कप्तान बिरधाना एवं अन्य।

## कप्तान बिरधाना ने किया धन्यवादी दौरा, ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

**झज्जर।** शनिवार को विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे कप्तान बिरधाना ने क्षेत्र के गांव बिरधाना, जौंधी, सुर्खपुर, गिरावड़, खेडी आसरा, भदानी और भदाना में धन्यवादी दौरा किया। गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर और पुष्पवर्षा कर कप्तान बिरधाना का स्वागत किया। कप्तान बिरधाना ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में आपके मिले सहयोग व स्नेह का जीवनभर आभारी रहूंगा। उन्होंने कहा कि हार-जीत एक सिक्कें के दो पहलू है। आपके सहयोग से उन्होंने पूरे जोश के साथ चुनाव लड़ा और पहली बार झज्जर विधानसभा सीट पर भाजपा को 52 हजार से अधिक मत प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र की आवाज निरंतर उठाता रहूंगा और क्षेत्र के विकास कार्यो में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी प्रधान मनीष बंसल, तेजबीर बिठला, राजीव बिरधाना, आदित्य बंसल, रामेश्वर सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# युवक को गोली मारने के मामले में दो आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव बुपनिया में एक युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी गई है।

एएनसी प्रभारी दीपक के अनुसार, बुपनिया के राहुल ने शिकायत दी थी कि पांच अक्टूबर को उसकी गांव के निवासी दीपक के साथ कहासुनी हो गई थी। उसी रंजिश में आठ अक्टूबर को दो बाइक सवार गांव की फिरनी की तरफ से आए और बाइक रोककर पीछे बैठे लड़के ने मेरे ऊपर जान से मारने की नीयत से तीन फायर कर दिए। जिसमें से एक गोली मेरे को लगी। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। अब दो आरोपी पकड़े गए हैं। इनकी पहचान शाहदाब और आकाश के रूप में हुई है। दोनों आगरा के रहने वाले हैं। पूछताछ के लिए दोनों को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि दोनों हथियार उपलब्ध कराने में शामिल रहे हैं। मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपी की भी पुलिस तलाश कर रही है।

# कर्मचारियों ने सोमवार से हड़ताल की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

हशविप्रा जनस्वास्थ्य विभाग में कार्यरत पांच सीवरमैनों को हटाए जाने के बाद साथी कर्मचारियों में रोष है। लगातार बैठक कर कर्मचारी नाराजगी जता रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को सेक्टर-6 में स्थित हुडा वाटर वर्क्स में कर्मचारियों की एक बैठक हुई। इसकी बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान रमन जून ने की, जबकि संचालन सचिव रमेश ने किया। सभी पदाधिकारी व कर्मचारियों ने सीवरमैनों को हटाए जाने की कार्रवाई की कड़ी निंदा की। साथ ही उन्हें जल्द से जल्द रुका हुआ वेतन देकर काम पर वापस लिए जाने की मांग उठाई। कर्मचारियों ने कहा कि यदि हमारे साथी काम पर वापस नहीं लिए जाते हैं तो 21 अक्टूबर से वाटर सप्लाई और सीवर का काम बंद कर दिया जाएगा। सभी कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे। इस दौरान कर्मचारियों ने कुछ अधिकारियों के रवैये पर भी नाराजगी प्रकट की। मदन मोहन, जतिन, अजीत, राजेंद्र भारती, मनीष, हंसराज, विकास, सिकंदर व श्रीपाल इस अवसर पर मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। नारेबाजी करते साथियों को काम से हटाने से नाराज कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि